सत्यमेव जयते

राजभवन सूचना परिसर, उत्तराखण्ड

राजभवन देहरादून 18 जुलाई, 2022

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) से सोमवार को भारत स्काउट गाइड की स्टेट चीफ कमीश्नर सीमा जौनसारी के नेतृत्व में भारत स्काउट एवं गाइड के प्रतिनिधिमंडल ने शिष्टाचार मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल को स्काउट गाइड का बैज लगाकर सम्मानित किया। इस दौरान कोविड में स्काउट एवं गाइड द्वारा किए गए कार्यों की जानकारी दी।

राज्यपाल ने कहा कि अनुशासन, सेवा भाव और परोपकार को बढ़ावा देने में भारत स्काउट एवं गाइड की महत्वपूर्ण भूमिका रहती है। वहीं अनुशासन और नेतृत्व क्षमता विकसित करने में भी सहायक है। उन्होंने कहा स्काउट गाइड द्वारा देश के छात्र–छात्राओं के चरित्र निर्माण और उन्हें देश के सजग नागरिक बनने के लिए प्रेरित करने का कार्य किया जा रहा है जो सराहनीय है। उन्होंने अधिक से अधिक छात्रों को स्काउट एवं गाइड से जोड़े जाने की अपेक्षा करते हुए कहा कि इससे छात्रों में सेवाभाव एवं अनुशासन की भावना जागृत होगी।

राज्यपाल ने कहा कि स्काउट एंड गाइड युवाओं के संपूर्ण शारीरिक व बौद्धिक विकास में योगदान दे रहा है। यह विद्यार्थियों में छिपे गुणों को उभारने में मदद करता है तथा बहुआयामी कार्यक्रमों के माध्यम से विद्यार्थियों का समग्र विकास सुनिश्चित बनाया जा रहा है।

स्टेट चीफ कमीश्नर ने स्काउट एंड गाइड के क्रियाकलापों की संक्षिप्त जानकारी देते हुए चुनौतियों से भी अवगत कराया। राज्यपाल ने भारत स्काउट एंड गाइड्स को हर संभव मदद का आश्वासन दिया। इस अवसर पर महासचिव रविंद्र मोहन काला, कोषाध्यक्ष डॉ दलजीत कौर, वीरेंद्र सिंह रावत, राहुल प्रसाद रतूड़ी उपस्थित रहे।

...........0.............